भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 649
सोमवार, 29 जुलाई, 2024 ((श्रावण 7, 1946, (शक))) को दिया जाने वाला उत्तर

तंजावुर हवाई अड्डे का विकास

649. श्री एस.कल्याणसुन्दरमः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तंजावुर हवाई अड्डे के विकास की वर्तमान स्थिति क्या है और तत्सबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) कार्य पूरा होने की और इसके उद्घाटन की संभावित तिथि सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उड़ान योजना के अंतर्गत प्रस्तावित उड़ान सम्पर्क क्या हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख) : तंजावुर हवाईअड्डे का स्वामित्व और संचालन, भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के पास है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के पास हवाईअड्डे पर टर्मिनल भवन, कार पार्क, नए एप्रन आदि से युक्त सिविल एन्क्लेव के निर्माण के लिए 56.16 एकड़ भूमि है। तथापि, एनएच 36 से सीधे 4 लेन के संपर्क मार्ग की आवश्यकता है जिसके लिए तमिलनाडु सरकार से अतिरिक्त भूमि का अधिग्रहण करने और इसका निर्माण करने का अनुरोध किया गया है। राज्य सरकार द्वारा संपर्क मार्ग का निर्माण किए जाने के बाद भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा सिविल एन्क्लेव का निर्माण शुरू किया जा सकता है।

(ग) : क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) – 'उड़ान' के तहत बोली प्रक्रिया के दूसरे चरण के दौरान, तंजावुर (तंजौर) हवाईअड्डे की विकास और उड़ानों के परिचालन के लिए पहचान की गई थी। उड़ान 4.2 के दौरान, तंजौर को चेन्नै और बैंगलोर से जोड़ने वाले मार्गों को 9-सीटर विमान का उपयोग करके परिचालन के लिए एयर टैक्सी को आवंटित किया गया है। हवाईअड्डे के तैयार होने पर, एयरलाइन तंजावुर हवाईअड्डे से परिचालन शुरू कर सकती है।

*****